卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 120 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦5 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## भारत माता मंदिर राष्ट्रभक्ति का जीवंत केंद्र: धामी

### भारत माता मंदिर में आयोजित धर्मसभा एवं संत सम्मेलन में जुटे देश भर के दिग्गज संत और राजनेता

हरिद्वार (उद संवाददाता)। भारत माता मंदिर के संस्थापक, महान मनीषी और समन्वय सेवा ट्रस्ट के प्रणेता ब्रह्मलीन स्वामी सत्यामित्रानंद गिरि महाराज की समाधि स्थली पर आयोजित 'श्रीविग्रह मूर्ति स्थापना समारोह' के दूसरे दिन धर्म और राजनीति की महान विभूतियों का संगम देखने को मिला।





कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया।द्वितीय दिवस के अवसर पर आयोजित 'धर्मसभा एवं संत सम्मेलन' में देश के कोने-कोने से आए प्रख्यात संत-महात्माओं, धर्माचार्यों और विद्वानों ने स्वामी सत्यामित्रानंद गिरि महाराज के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी जी ने न केवल सनातन धर्म की समन्वय परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित किया, बल्कि 'भारत माता मंदिर' के माध्यम से राष्ट्रवाद और आध्यात्मिकता के अनूठे मेल को जीवंत किया। वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिक मूल्यों की भूमिका पर अपने गंभीर विचार साझा किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ब्रह्मलीन स्वामी जी को नमन करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा और राष्ट्र की एकता के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने समन्वय का जो मार्ग दिखाया, वह आज के समय में समाज को एकजुट रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उत्तराखंड सरकार उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राज्य की आध्यात्मिक गरिमा(शेष पृष्ठ सात पर)

## नाबालिग से रेप के बाद भड़का जनाक्रोश,बाजार बंद,कोतवाली का घेराव

भवाली(उद संवाददाता)। एक नाबालिग लड़की के साथ दुराचार की घटना ने क्षेत्र में भारी तनाव पैदा कर दिया है। इस घटना से स्थानीय लोगों और व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा, जिसके विरोध में गुरुवार सुबह व्यापारियों ने बाजार पूर्णतः बंद रखा और आरोपित की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली का घेराव किया।मामला अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क है। गुरुवार सुबह से ही विभिन्न संगठनों और स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों ने आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। जुलूस के दौरान भवाली बाजार को पूरी तरह बंद कराया गया। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर काफी आक्रोशित हैं (शेष पृष्ठ सात पर)



## व्यापार मंडल चुनाव मतगणना रुकने पर सियासत हुई तेज

### विधायक भुवन कापड़ी ने प्रशासन पर लगाए आरोप

खटीमा। व्यापार मंडल चुनाव की मतगणना को प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। खटीमा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी ने प्रेस वार्ता कर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी की हार की आशंका को देखते हुए कुछ नेताओं व समर्थकों ने मतगणना स्थल पर हंगामा किया, जिसका फायदा उठाकर प्रशासनिक अधिकारियों ने मतगणना स्थगित कर दी। विधायक कापड़ी ने सत्ता पक्ष और प्रशासन के बीच मिलीभगत का आरोप (शेष पृष्ठ सात पर)



## मोबाईल मंत्रा शोरूम फिर बना चोरों का निशाना

### अज्ञात चोरों ने शोरूम से लाखों के माबाईल, नगदी और अन्य सामान उड़ाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के अग्रसेन चौक पर स्थित मोबाईल के प्रतिष्ठित शोरूम मोबाईल मंत्रा को अज्ञात चोरों ने एक बार फिर से अपना निशाना बनाया है। चोरी करने क । रास्ता व तरीका भी लगभग पूर्व की तरह ही रहा। फर्क सिर्फ इतना रहा कि पूर्व में दोमंजिल पर आये अज्ञात चोरों ने दीवार काटकर शोरूम में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था पर इस बार तो चोरों ने गेट पर लगा दरवाजा ही उखाड़ दिया और दोमंजिल पर शोरूम से लाये डिब्बों से मोबाईल निकाले, पानी पिया तथा हजारों की नगदी, लेपटाप, डीवीआर आदि सामान लेकर फरार हो गये। गौरतलब हो कि पुलिस इसी शोरूम से करीब एक वर्ष पूर्व हुई लाखों की चोरी की घटना का अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। अब इस शोरूम में फिर से लाखों की चोरी होने से व्यापारियों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्रीन पार्क निवासी गौरव मुंजाल पुत्र स्व. ओमप्रकाश मुंजाल का अग्रसेन चौक पर मोबाईल मंत्रा नाम से मोबाईल का शोरूम है। बताया जाता है कि रोज की तरह बुधवार की रात्रि गौरव मुंजाल शोरूम को बंद कर घर गये थे। आज प्रातः जब उन्होंने शोरूम खोला तो भीतर सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। यह नजारा देख उनके होश फाखता हो गये। उन्होंने मामले की जानकारी (शेष पृष्ठ 7 पर)





## करोड़ों के घोटाले का पर्दाफाश, दो शातिर दबोचे

### हजारों निवेशकों से की 6.80 करोड़ की धोखाधड़ी, छह जिलों में फैला था जाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी ने आम जनता को अधिक ब्याज का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक बड़े वित्तीय घोटाले का भंडाफोड़ किया है। देवभूमि बहुदेशीय स्वायत्त सहकारिता नामक संस्था के माध्यम से हजारों लोगों की गाढ़ी कमाई डकारने वाले दो मुख्य आरोपियों को पुलिस ने लालकुआं से दबोच लिया है। आरोपियों ने अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत, ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जैसे जिलों में अपना जाल बिछा रखा था और करीब 6 करोड़ 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हेमचंद पंत निवासी कुसुमखेड़ा और विकास दुर्गापाल निवासी देहरिया, हल्द्वानी के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन अभियुक्तों ने वर्ष 2017 में हल्द्वानी के मुखानी और रामनगर में अपनी शाखाएं खोली थीं। इन्होंने उत्तराखंड सरकार के पंजीकरण का हवाला देकर लोगों का विश्वास जीता और फिर अधिक ब्याज व गारंटी का झांसा देकर निवेश (शेष पृष्ठ सात पर)



## कार पर पलटा ओवरलोड ट्राला,युवक की मौत

### दोराहा चौकी में तैनात एएसआई की कार धुलवाने ले जा रहा था मृतक

बाजपुर (उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे-74 पर गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के समीप क्षमता से अधिक भूसा लादकर जा रहा एक अनियंत्रित ट्राला कार के ऊपर पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में कार चालक की मौके पर ही दबकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई।जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे ग्राम कनौरा निवासी नाजिम (30 वर्ष) पुत्र आबिद हुसैन कार लेकर घर से निकला था। बताया जा रहा है कि वह दोराहा चौकी में तैनात एएसआई सुनील कुमार की कार धुलवाने के लिए सर्विस सेंटर ले जा रहा था। इसी दौरान रुद्रपुर की ओर से आ रहा ओवरलोड भूसे का ट्राला अचानक संतुलन खो बैठा और नाजिम की कार को अपनी चपेट में लेते हुए उसके ऊपर पलट गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार मलबे के ढेर में तब्दील हो गई और नाजिम को संभलने तक का मौका नहीं मिला। मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। तीन भाइयों में मंझला नाजिम अपने परिवार का (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।

-:संपर्क करें:- 8433432291

## एसएसपी ने देर रात काशीपुर और बाजपुर में परखी कानून व्यवस्था

काशीपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने देर रात कोतवाली काशीपुर पहुंचकर पुलिसिंग और कानून व्यवस्था की नब्ज टटोली। इस दौरान उन्होंने सर्किल काशीपुर और सर्किल बाजपुर के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में एसएसपी ने पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा, आगामी त्योहारों और अपराध नियंत्रण को लेकर किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं और जनशिकायतों के निस्तारण की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निष्पक्ष, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए ताकि फरियादी को पुलिस दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। एसएसपी ने बल देते हुए कहा कि किसी भी गंभीर अपराध की स्थिति में तत्काल एफएसएल (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) यूनिट को मौके पर बुलाकर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अपराधियों को न्यायालय से कड़ी सजा दिलाई जा सके।महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एसएसपी ने निर्देश दिए कि 'गौरा शक्ति' एप का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के पीरुमदारा क्षेत्र में बुधवार की देर शाम एक 22 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में परिजन मौजूद नहीं थे, जिसका फायदा उठाकर युवक ने मौत को गले लगा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पीरुमदारा के समीप सांई मंदिर के पास लेख राज का परिवार किराए के मकान में रहता है। बुधवार शाम (शेष पृष्ठ सात पर)



# अल्मोड़ा जेल में कुख्यात की बैरक से इलेक्ट्रानिक उपकरण बरामद

## टॉयलेट सीट के अंदर स्मार्ट वॉच, चार्जर, डाटा केबल सहित अन्य चीजें मिले,कारागार अधीक्षक ने कोतवाली में दर्ज कराया मुकदमा



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिला कारागार में हत्या में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुख्यात की बैरक से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिलने से हड़कंप मच गया। कुख्यात की बैरक से चार्जर, डाटा केबल और स्मॉर्ट वॉच बरामद किया गया। जेल प्रशासन की तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, जेल प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है। जिला कारागार अधीक्षक जयंत पांगती ने अल्मोड़ा पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि दो फरवरी को बंदी प्रवीण वाल्मीकि पुत्र मोहन लाल उर्फ मदन लाल निवासी-नई बस्ती कोतवाली गंगनहर रुड़की, जिला-हरिद्वार की शेल कमरे की तलाशी की गई। तलाशी के समय बंदी उपस्थित नहीं था। उस बीच बंदी गैगस्टर एक्ट की पेशी में हरिद्वार भेजा गया था। तलाशी के दौरान टॉयलेट सीट में छुपाया गया एक चार्जर, दो डाटा केबल, एक स्मॉर्ट वॉच चार्जर बरामद हुआ। जिसके बाद बंदी प्रवीण की बैरक की टॉयलेट सीट तुड़वाई गई। सीट के अंदर से स्मॉर्ट वॉच छुपाई हुई देख जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। कारागार प्रशासन ने बरामद समस्त सामग्री को सीलबंद कर साक्ष्य सहित कोतवाली अल्मोड़ा भेज दिया है। जेल अधीक्षक की ओर से उत्तराखंड कारागार एवं सुध ारात्मक सेवाएं अधिनियम 2024 की ध ारा 39 के तहत मुकदमा दर्ज कर वैध ानिक कार्रवाई की मांग की गई है।

# पुलिस महानिरीक्षक ने 31वीं वाहिनी पीएसी का किया निरीक्षण

## प्रशिक्षु जवानों से सीधे संवाद कर जानी समस्याएं



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण/निदेशक पीटीसी) अनन्त शंकर ताकवाले ने बुध वार को 31वीं वाहिनी पीएसी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया। वाहिनी आगमन पर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं सेनानायक 31वीं वाहिनी यशवंत सिंह चौहान तथा उपसेनानायक मिथिलेश सिंह ने उनकी अगवानी की। महानिरीक्षक ने वाहिनी परिसर के निरीक्षण के दौरान ऑडिटोरियम हॉल, आरटीसी ब्लॉक, आरटीसी मेस, बार्बर शॉप, सीपीसी कैंटीन और मोटर ट्रांसपोर्ट (एमटी) शाखा का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति देखते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक ताकवाले आरटीसी बैरक भी पहुंचे, जहाँ उन्होंने वहां रह रहे प्रशिक्षु जवानों से सीध ा संवाद स्थापित किया। उन्होंने जवानों से उनकी ट्रेनिंग और व्यक्तिगत कुशलक्षेम के बारे में जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग सेंटर के आधुनिकीकरण और सुविधाओं के विस्तार में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण की बारीकियों पर चर्चा करते हुए नई तकनीकों को शामिल करने पर विशेष जोर दिया, ताकि बल को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।इस अवसर पर शिविरपाल राकेश माहरा, आरआई (आरटीसी/केंद्रीय आयुध भंडार) भूपेश पाण्डेय, सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, एसक्यूएम उमेश कुमार सोनकर, उप निरीक्षक (एमटी) केवलानंद भट्ट सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कैंसर का सही समय पर जांच और बचाव ही समाधान: डा. अग्रवाल




रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल में एक विशेष जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और न्यायिक सेवा के प्रतिनिधियों ने कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ताओं में डॉ. के. के. अग्रवाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि बदलती जीवनशैली और प्रदूषण के कारण कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। यदि हम तंबाकू, शराब और जंक फूड का त्याग कर दें, तो कैंसर के जोखिम को 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। विशेषत: उनके द्वारा मुख कैंसर के प्रति आम-जनमानस को सचेत रहने की सलाह दी गयी, भारत में मुख कैंसर महामारी की तरह फैल रहा है, तम्बाकू उत्पाद जिसका प्रमुख कारण है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्तन कैंसर हेतु उपलब्ध मेमोग्राफी का आवश्यक प्रचार-प्रसार पर बल देने पर जोर दिया गया। जिससे समय से उक्त रोग की पहचान हो सके ्डॉ. आरके सिन्हा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय ने अस्पताल की सुविधाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि समय पर स्क्रीनिंग ही कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। जिला अस्पताल में प्रारंभिक लक्षणों की जांच हेतु सभी आवश्यक परामर्श उपलब्ध हैं। योगेन्द्र ।कुमार सागर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वास्थ्य अधिकारों के कानूनी पहलुओं पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए मुफ्त इलाज और सहायता की कई योजनाएं संचालित हैं। जिला विधिक सेवा प्राधि करण यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी पात्र व्यक्ति कानूनी या आर्थिक बाधाओं के कारण उपचार से वंचित न रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों, जैसे शरीर में असामान्य गांठ या पुराने घावों के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई। डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की प्राथमिक जांच की गई। अंत में सभी उपस्थित जनों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला अस्पताल से डॉ. मधु माथुर, डॉ. अंकुर धवन, डॉ. सुनील उपाध्याय, डॉ. ऋचा पाण्डेय, सत्यपाल सिंह, हिमांशु, उमेश पाल, छवि अग्रवाल, विनय कुमार एवं अन्य स्टाफ और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# किच्छा की दो प्रमुख सड़कों के लिए 1.65 करोड़ स्वीकृत: बेहड़



किच्छा (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र किच्छा के विकास को गति देते हुए राज्य योजना के अंतर्गत क्षेत्र की दो प्रमुख सड़कों के निर्माण हेतु कुल 1 करोड़ 65 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। विधायक तिलक राज बेहड ने जानकारी देते हुए बताया कि किच्छा दरऊ मोटर मार्ग से गुरुकुल स्कूल होते हुए सुनेरा कैनाल मार्ग तक सड़क का प्रीमियम कारपेट द्वारा पूर्ण निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस मार्ग की कुल लंबाई लगभग 1300 मीटर है, जिसके निर्माण पर 79.02 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके अतिरिक्त विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ही ग्राम कनकपुर के आंतरिक मार्गों का भी सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। यहाँ सीमेंट कंक्रीट एवं पेवमेंट द्वारा निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई लगभग 700 मीटर है। इस सड़क के लिए शासन द्वारा 86.76 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। दोनों सड़कों की स्वीकृति राज्य योजना के अंतर्गत प्राप्त हो चुकी है और विभागीय औपचारिकताओं के बाद शीघ्र ही धरातल पर निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। विधायक तिलक राज बेहड ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने दोहराया कि किच्छा विध ानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। विधायक ने सड़कों की महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज का आभार व्यक्त किया।

# आशा कार्यकत्रियां 12 फरवरी की हड़ताल के समर्थन में हुई एकजुट



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रेड यूनियन ऐक्टू से सम्बद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की हल्द्वानी ब्लॉक स्तरीय मीटिंग में यह फैसला लिया गया कि आगामी 12 फरवरी को ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत अखिल भारतीय आम हड़ताल में पूरी ताकत से शामिल होंगी और चार श्रम कोड वापस लेने, आशाओं को न्यूनतम वेतन 35000 हजार करने, आशा वर्कर्स को राज्य कर्मचारी का दर्जा व न्यनूतम वेतन देने, रिटायरमेंट के समय पेंशन, अस्पताल में सम्मानजनक व्यवहार, ट्रेनिंग स्वास्थ्य विभाग स्वयं कराए और एनजीओ का हस्तक्षेप बंद हो, ट्रेनिंग का प्रतिदिन न्यूनतम 500 रूपये भुगतान करने, सभी बकाया राशि का भुगतान करने, हर माह का पैसा हर माह खाते में डालने सहित अन्य मांगों को लेकर बुधपार्क में प्रदर्शन करेंगी। बैठक में यूनियन (ऐक्टू) के प्रदेश महामंत्री डॉ कैलाश पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र सरकार मजदूरों, महिला कामगारों के अधिकारों पर हमला कर रही है। अम्बानी अडानी जैसे बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है और ट्रम्प द्वारा लगातार अपमानित करने के बावजूद अमेरिका के आगे समर्पण कर रही है।उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स की हालत सभी उत्पीड़ित श्रमिकों में सबसे ज्यादा खराब है। उन्हें तो श्रमिक का दर्जा भी नही दिया जाता, बंधुवा मजदूर की तरह काम लिया जाता है। आशा वर्कर्स पर सरकार नए नए काम का बोझ लगातार बढ़ाते जा रही है। शिशु मृत्यु दर कम करने में आशा वर्कर्स का बहुत बड़ा योगदान है, गर्भवती महिलाओं की देख-रेख के लिए आशाओं को आधी रात में भी बिना किसी विभागीय सहायता के दौड़ना पड़ता है। इसके बावजूद आशा वर्कर्स को वेतन देने के नाम पर सिर्फ नाममात्र की प्रोत्साहन राशि और कुछ योजनाओं का कमीशन दिया जाता है। यह खुला शोषण है।यूनियन की ब्लॉक अध्यक्ष रिंकी जोशी ने कहा केन्द्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स को न्यूनतम वेतन और कर्मचारी का दर्जा नहीं देकर उनका आर्थिक शोषण कर रही है। भाजपा सरकार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का बजट भी लगातार कम किया जा रहा है जिससे आशाओं का शोषण और भी ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा खटीमा में आशा यूनियन से डीजी हेल्थ के प्रस्ताव को लागू करने के वादे को अमली जामा पहनाने की मांग भी की जायेगी।ब्लॉक सचिव रीना आर्य ने कहा सरकार आशाओं की मेहनत का शोषण करती है। पैसा समय पर नहीं मिलता और जितना पैसा बनता है उसे भी पूरा नहीं दिया जाता। साथ ही अस्पताल में स्टाफ द्वारा उनको अपमान झेलना पड़ता है। बैठक में अंजना, गीता जोशी, दीपा बिष्ट, आनंदी, रेनू दीप, बबीता आर्य, सुनीता अरोड़ा, सबीना, भगवती देवी, कमला गोस्वामी, हेमा सम्मल, आनंदी देवी,भारती थापा, गीता देवी, जीवंती आदि बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स ने भागीदारी की।

# वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार रस्तोगी का निधन



हल्द्वानी/धामपुर (उद संवाददाता)। पत्रकारिता जगत के लिए एक दुखद खबर है। वरिष्ठ पत्रकार और पत्रकार एकता मंच के उपाध्यक्ष सुशील कुमार रस्तोगी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि सुशील कुमार रस्तोगी ने मध्य रात्रि में मुरादाबाद के एक अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। एक अनुभवी और निष्पक्ष कलमकार के रूप में उनकी पहचान क्षेत्र में काफी सम्मानित थी। उनके निधन पर पत्रकार जगत ने गहरा दुख व्यक्त किया है। वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुलाटी, पम्मी सुखीजा, जगदीश चंद्र, अमन सिंह, नरेंद्र राठौर, महेंद्र पोपली, उर्वा भट्ट, प्रदीप श्रीवास्तव, भारद्वाज, नवीन भट्ट, राजीव गुप्ता और शुभम सहित अनेक पत्रकारों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने कहा कि सुशील कुमार रस्तोगी के निधन से पत्रकारिता जगत ने एक समर्पित और वरिष्ठ स्तंभ खो दिया है, जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों ने भी शोक व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

# ग्राम प्रधान के भाई की गोली लगने से मौत

हरिद्वार(उद संवाददाता)। हरिद्वार जनपद के लक्सर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुंडाखेड़ा खुर्द गांव में बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में ग्राम प्रधान के भाई की गोली लगने से मौत हो गई। कमरे के भीतर गोली चलने की आवाज सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। युवक का खून से लथपथ शव जमीन पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मुंडाखेड़ा खुर्द गांव के ग्राम प्रधान सहदेव सिंह का भाई नकुल (25 वर्ष) पिछले काफी समय से देहरादून में रह रहा था और कुछ दिन पूर्व ही गांव वापस आया था। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात करीब दो बजे नकुल ने खुद को अपने कमरे में बंद कर लिया था। अचानक कमरे के अंदर से गोली चलने की जोरदार आवाज आई, जिसे सुनकर घर में सो रहे परिजन घबराकर उसकी ओर दौड़े। दरवाजा खोलने पर नकुल को लहूलुहान हालत में देख घर में चीख-पुकार मच गई। गोली लगने के कारण नकुल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसआई लोकपाल परमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। एसएसआई लोकपाल परमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन अभी तक आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि गोली किस हथियार से चली और वह हथियार किसका था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही मौत की असली वजह और पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।



# भारामल बाबा मंदिर प्रांगण में किया भजन कीर्तन व खिचड़ी उत्सव का भव्य आयोजन

खटीमा। खटीमा के सुरई क्षेत्र स्थित घने जंगलों से घिरे प्रसिद्ध भारामल बाबा मंदिर प्रांगण में श्री राधा शरणम् सेवा समिति के तत्वावधान में भजन-कीर्तन एवं माघ माह के खिचड़ी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। प्रकृति की गोद में सम्पन्न इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का भरपूर आनंद उठाया।कार्यक्रम की शुरुआत राधा नाम संकीर्तन से हुई, जिसमें भक्तिभाव से सराबोर भजनों ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात मंदिर के बाबा से आशीर्वाद लेकर श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।समिति के अध्यक्ष एवं विख्यात भजन गायक कपिल भार्गव ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य राधा नाम का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ सनातन संस्कृति को जीवित रखना, प्राचीन मंदिरों के संरक्षण में सहयोग करना तथा युवाओं को धार्मिक मार्ग पर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक भारामल बाबा मंदिर में यह आयोजन किया गया, जिसमें समिति के सदस्यों के साथ-साथ खटीमा क्षेत्र के अनेक संभ्रांत नागरिक भी शामिल



हुए।उन्होंने बताया कि भारामल बाबा मंदिर न केवल इस क्षेत्र बल्कि पूरे उत्तर भारत और नेपाल में भी विशेष आस्था का केंद्र है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। घने जंगलों और प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित यह मंदिर वन्यजीवों की उपस्थिति के कारण और भी रमणीय प्रतीत होता है।श्री राधा शरणम् सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष शारदा आरती, झूलन उत्सव, नौका विहार, खिचड़ी उत्सव जैसे धार्मिक आयोजनों का नियमित रूप से आयोजन कर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई गई है। इन आयोजनों के माध्यम से समिति युवा पीढ़ी को भी धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है।खिचड़ी उत्सव में समिति की महिला सदस्य शिखा गुंबर, शमा भार्गव, सारिका ढींगड़ा, हेमा ओली, अनीता ओली के साथ ही शैलेश ढींगड़ा, विकास गोयल (विक्की), जनार्दन ओली, लक्ष्य, अर्पित गुंबर तथा वरिष्ठ महिला सामाजिक कार्यकर्ता सोनिया सुनेजा सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि युवा भजन गायक कपिल भार्गव द्वारा तीन वर्ष पूर्व अयोध्या में श्री राम मंदिर स्थापना से चालीस दिन पूर्व प्रारंभ किया गया 40 दिन-40 घर हनुमान चालीसा पाठ अभियान इस वर्ष भी जारी रहा। भीषण सर्दी के बीच उन्होंने विभिन्न 40 घरों में जाकर लगातार 40 दिन तक पाठ किया, जिसका समापन 22 जनवरी को खटीमा स्थित वरिष्ठ कपड़ा व्यवसायी ओम प्रकाश अग्रवाल के डिग्री कॉलेज मार्ग स्थित आवास पर हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में भाग लिया।

# अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन पर सीएम का जताया आभार

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी निरंतर इतिहास पर इतिहास रचते हुए जन कल्याणकारी निर्णयों से राज्य को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन जैसा उनका यह ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी निर्णय उनकी दूरदृष्टि, संवेदनशीलता और मजबूत नेतृत्व क्षमता का जीवंत प्रमाण है। देहरादून सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अल्पसंख्यक आयोग व वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों ने हृदय से आभार व्यक्त किया। अल्पसंख्यक आयोग



की उपाध्यक्ष व दर्जा राज्य मंत्री फरजाना बेगम ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना के साथ प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री श्री धामी की यह ऐतिहासिक पहल अल्पसंख्यक समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर एवं आत्मनिर्भर भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। उनका यह निर्णय यह दर्शाता है कि वे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की चिंता करने वाले जननेता हैं, जो शिक्षा को सशक्त भारत और सशक्त उत्तराखंड की नींव मानते हैं। इस अवसर पर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष, दर्जा राज्यमंत्री शादाब शम्स एवं दर्जा राज्यमंत्री मुफ्ती कषसमी मौजूद थे।

# सच्चा सुख व शांति परमात्मा की शरण में: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा एक ही है। उनके नाम उपासना पद्धतियां विभिन्न हो सकती हैं।हम सभी एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो जीव मात्र का परम सुहृदय हितैषी है। परमात्मा किसी से भी दूर नहीं है, लेकिन स्वार्थ के दलदल में फंसे इंसान की गति ऐसी है कि वह अपने भीतर स्थित परमात्मा को नहीं पहचान पा रहा है। सच्चा सुख आनंद व शांति एकमात्र परमात्मा व अध्यात्म की शरण में ही है। परमात्मा से प्रेम, समाज की सेवा व स्वयं की खोज करें। जो प्रभु समर्पित होकर अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं उनकी हर प्रकार से देखभाल व रक्षा स्वयं प्रभु करते हैं। लौकिक उन्नति बुरी नहीं, लेकिन प्रभु से विमुख उन्नति अवनति के समान ही है। उन्होंने कहा कि प्यार बहुत ही छोटा सा शब्द है अगर सच्चा हो तो सारी दुनिया का मालिक भी इससे



वश में हो जाए तो कोई बड़ी बात नहीं। प्रेम ही ईश्वर है, ईश्वर ही प्रेम है। उन्होंने कहा कि मानव मन को धर्म व अध्यात्म से ही नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए धर्म विहीन मनुष्य को पशु तुल्य कहा गया है।आज लोगों के धर्म से भी विमुख होने के कारण ही मानवता की कमी भी दिखाई देने लगी है। हमें समाज को बदलने के लिए लोगों की दृष्टि बदलने की आवश्यकता है। किसी को सुधारने से पहले स्वयं को सुधारना चाहिए। उन्होंने कहा कि बदले की भावना से वैर, क्षमा से प्रेम बढ़ता है। क्षमा कायरों का नहीं वीरों का आभूषण है। यदि सतता के मार्ग पर बढ़ना चाहे तो अपने अन्दर क्षमा, करुणा, उदारता, कृपा आदि सद्गुणों को अपनाएं। उन्होंने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि संत,गुरु, शास्त्र या ग्रंथ इनके पास क्या है यह इतना महत्वपूर्ण नहीं जितना यह कि श्रोता उनसे क्या ग्रहण करता है। बुद्धिमान वही कहलाता है जो व्यवहार करने से पूर्व विचार करता है। समस्त कामनाओं का परित्याग करके ही मनुष्य ब्रह्म भाव को प्राप्त करता है। सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि भूतकाल से प्रेरणा ले, हो चुकी गलतियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजनाएं चाहे बनाए लेकिन वर्तमान में जीना सीख ले। महाराज श्री के दर्शनार्थ व दिव्य प्रवचन सुनने के लिए दिनभर भक्तों का ताँता लगा रहा।

# 6 फरवरी को मुक्तेश्वर क्षेत्र में भेंट किए जायेंगे पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कल 6 फरवरी को कसियालेख, सुनकिया, मल्लागहना, मनाघेर, मुक्तेश्वर के ग्रामीणों को अखरोट के पौधे भेंट किए जायेंगे। कोई भी इच्छुक व्यक्ति यहां से नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं पर्यावरणविद डा. आशुतोष पंत ने कहा कि इससे पूर्व 27 जनवरी को सुयालबाड़ी और 30 जनवरी को नथवाखान क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों को पौधे भेंट किए गए। यहां सहयोग के लिये राज्यमंत्री नवीन वर्मा, उनके स्टाफ विष्णु, सागर तथा समाजसेवी प्रताप रैकवाल आदि ने पूरा सहयोग किया।




# सौरभ बेहड़ बोले : गुरु घर की सेवा कर करूंगा प्रायश्चित

## रोते हुए की लोगों से माफ करने की अपील

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के पुत्र पार्षद सौरभ राज बेहड़ ने अपने ऊपर हमले का षड्यंत्र रचने के बाद पिता की सामाजिक व राजनीतिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचने पर खुद रोते हुए वीडियो बनाकर जारी किया है। जिसमें वह कह रहे हैं कि गुरु घर की पांच दिन तक सेवा कर अपने इस पाप का प्राश्चित करेंगे। जारी किए वीडियो में



सौरभ अपने कृत्य को अक्षम्य बता रहे हैं तो वहीं लोगों से उन्हें बच्चा समझकर माफ करने की अपील भी कर रहे हैं। सौरभ ने कहा कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि मामला इतना बढ़ जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि उनसे गंभीर गलती हुई है। इसके प्रायश्चित के लिए वह गुरुद्वारा सिंह सभा, गोल मार्केट में लगातार पांच दिन तक जाकर जोड़ों की सेवा और साफ-सफाई करेंगे। समाज के बीच दोबारा आने से पहले वह धार्मिक सेवा के माध्यम से अपनी गलती का पश्चाताप करना चाहते हैं। गौरतलब हो कि सौरभ राज बेहड़ के स्वयं पर हमले का पुलिस के खुलासे के बाद विधायक तिलकराज बेहड़ को सर्वसमाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी थी। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने बेटे के कृत्य से आहत होकर उससे संबंध समाप्त करने की घोषणा भी की थी। पार्षद सौरभ ने छतरपुर वाले गुरुजी को साक्षी मानकर कहा कि उनके पिता को इसे पूरे प्रकरण की कोई जानकारी नहीं थी। पिता ने केवल अपना कर्तव्य निभाया है। इस विवाद से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

# छात्रों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

रुद्रपुर/खटीमा। 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा रुद्रपुर शहर क्षेत्र स्थित गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा चकरपुर खटीमा क्षेत्र के पंडित गोविंद बल्लभ पंत कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात संकेतों, रोड साइनों तथा नियमों के पालन के महत्व की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ओवर स्पीड, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बनते हैं। इनसे बचाव के लिए नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। छात्रों को स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवारजनों और आसपास के लोगों को भी इसके लिए अतिरिक्त सभी को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक यातायात नरेंद्र कुमार आर्या, अपर उपनिरीक्षक यातायात हयात सिंह,



राजकीय इंटर कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर उन्हें जागरूक करना रहा। गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, नशे की हालत में ड्राइविंग, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन चलाना, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाना, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना तथा स्टंट ड्राइविंग जैसे उल्लंघन गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण प्रेरित करने का आह्वान किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए आगे आने वाले नागरिकों के लिए सरकार द्वारा संचालित 'गुड समिरिटन योजना' तथा कानून के तहत उन्हें मिलने वाले संरक्षण और अधिकारों की जानकारी भी दी गई। इसके अपर उपनिरीक्षक यातायात बलवंत सिंह तथा महिला आरक्षी शहनाज ने अपने विचार रखते हुए छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। यातायात पुलिस की इस पहल को छात्र-छात्राओं ने सराहा और नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

# मुख्य सचिव ने किया अस्पताल का निरीक्षण

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को हरावाला में नवनिर्मित शकुंतला रानी सरदारी लाल ओबेरॉय राजकीय मैटरनिटी एवं कैंसर चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से निर्माण कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचिव ने कहा कि इस अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर के सुपर स्पेशलिटी कैंसर अस्पताल के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और इसे बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि भवन के भीतर सभी प्रकार के परीक्षण और मेडिकल सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएं ताकि मरीजों को भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को अस्पताल के समीप ही डॉक्टरों और स्टाफ के आवासीय भवनों के लिए उपयुक्त भूमि तलाशने के निर्देश भी जारी किए। मुख्य सचिव ने महानिदेशक स्वास्थ्य से मशीनों और चिकित्सा उपकरणों की जल्द उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की कार्ययोजना साझा करने को कहा। इस अवसर पर महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# आध्यात्मिक पर्यटन को स्थापित होंगे स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन: धामी

## सीएम ने हल्द्वानी में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित शिव कथा में प्रतिभाग किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एम.बी. इंटर कॉलेज मैदान, हल्द्वानी परिसर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित शिव कथा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सहज ज्योति पूजन में सम्मिलित होकर 108 थाली ज्योति का प्रज्ज्वलन किया तथा प्रदेश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने शिव कथा का श्रवण करते हुए उपस्थित शिवभक्तों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा से आयोजित इस पावन शिव कथा में सहभागी बनना उनके लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इस पुण्य अवसर पर महादेव के श्रीचरणों में शीश नवाने का अवसर प्राप्त होना आत्मिक अनुभूति से भर देने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्य ज्योति जागृति संस्थान समाज में नकारात्मक सोच को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक, दिव्य गुरु परम पूज्य श्री आशुतोष महाराज जी को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि उनकी कृपा, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा ने असंख्य लोगों को धर्म, सेवा, करुणा और सदाचार के मार्ग पर निरंतर प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण कुमाऊँ अंचल सदियों से धर्म, अध्यात्म और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रहा है। यह भूमि तप, साधना और शिव भक्ति की जीवंत एवं अक्षुण्ण परंपरा को आज भी संजोए हुए है। हमारे प्राचीन ग्रंथों, पुराणों और ऐतिहासिक संदर्भों में इस क्षेत्र के मंदिरों, शिवालयों, धार्मिक स्थलों और पवित्र जल स्रोतों का उल्लेख मिलता है, जो इस बात का प्रमाण है कि यह भूमि युगों-युगों से सनातन और शैव परंपरा की साधना भूमि रही है। ऐसे में इस पुण्य धरा पर शिव कथा का आयोजन इसे और अधिक दिव्य बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति आज संपूर्ण विश्व में अपनी पहचान स्थापित कर रही है और वैश्विक स्तर पर प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पबद्ध भाव से निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसखंड मंदिर माला मिशन कॉरिडोर के माध्यम से कुमाऊँ क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों को नई पहचान दी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत शिवालयों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण, सौंदर्यीकरण एवं विकास का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसके साथ ही हरिपुर-कालसी में यमुना तीर्थ के पुनरुद्धार, हरिद्वार-ऋषिकेश में गंगा कॉरिडोर तथा शारदा कॉरिडोर जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति, दर्शन एवं इतिहास के गहन अध्ययन को प्रोत्साहित करने हेतु दून विश्वविद्यालय में "सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज" की स्थापना की गई है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुदृढ़ बौद्धिक एवं सांस्कृतिक आधार तैयार किया जा सके। इसके साथ ही आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गढ़वाल और कुमाऊँ मंडलों में एक-एक "स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन" की स्थापना की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक संतुलन और मूल स्वरूप की रक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। यह प्रतिबद्धता केवल शब्दों तक सीमित नहीं, बल्कि सरकार के कठोर निर्णयों और साहसिक कदमों में भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के बच्चों को सुरक्षित भविष्य और एक सशक्त उत्तराखंड देने के उद्देश्य से आवश्यक स्थानों पर दृढ़ एवं निर्णायक कदम उठाए गए हैं तथा प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से समाज को विभाजित करने वाली प्रवृत्तियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने "विकल्प-रहित संकल्प" को पूर्ण करने के लिए सरकार पूरी दृढ़ता और निष्ठा के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर विधायक कालाढुंगी श्री बंशीधर भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रताप बिष्ट, मण्डलायुक्त श्री दीपक रावत, जिलाधिकारी श्री ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मंजूनाथ टी.सी., संस्थान के पदाधिकारी, शिवभक्तगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





# युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, सुनिश्चित रोजगार और बेहतर वेतन भी दिलाएगी सरकार

## सीएम ने की कौशल विकास और फॉरवर्ड लिंकेज की उच्चस्तरीय समीक्षा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय सभागार में कौशल विकास और प्रशिक्षित युवाओं को फॉरवर्ड लिंकेज से जोड़ने के संबंध में एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राज्य में आईटीआई और तकनीकी संस्थानों की बढ़ती संख्या के बावजूद युवाओं को उद्योगों में प्लेसमेंट और संतोषजनक वेतन न मिल पाने के अंतर पर मुख्यमंत्री ने गहरा मंथन किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशिक्षित युवाओं और उद्योगों की मांग के बीच का यह गैप प्रबंधन, समन्वय और प्लेटफार्म स्तर पर कमी को दर्शाता है, जिसे तत्काल सुधारने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अब केवल स्मार्ट बुनियादी ढांचे पर ही नहीं, बल्कि 'स्मार्ट मानव संसाधन' तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां आम जनता को दैनिक कार्यों के लिए कुशल प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री और कारपेंटर आसानी से उपलब्ध नहीं होते, वहीं दूसरी ओर आईटीआई प्रशिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। इस विरोधाभास को दूर करने के लिए तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने की सख्त जरूरत है। मुख्यमंत्री ने उद्योगों और भविष्य की तकनीकी जरूरतों के हिसाब से रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम तैयार करने और प्रशिक्षकों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने तीन स्तरीय वर्कफोर्स मॉडल विकसित करने पर जोर दिया, जिसमें स्थानीय स्तर के लिए बेसिक स्किल वर्कर, मध्यम तकनीक और उच्च कुशल तकनीकी वर्कफोर्स शामिल हो। उन्होंने निर्देश दिए कि युवाओं का प्रशिक्षण के लिए चयन होते ही उन्हें रोजगार प्रदाता संस्थानों से 'टैग' कर दिया जाए, ताकि प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही उनकी नौकरी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, विदेशों में रोजगार के इच्छुक युवाओं को भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय परिवेश में खुद को ढाल सकें। सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने पूर्ण पारदर्शिता और न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए ताकि युवाओं को समय पर नियुक्ति मिल सके। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सुझाव दिया कि उद्योगों को प्रशिक्षण प्रक्रिया में सीधा भागीदार बनाया जाए, जिससे वे अपनी विशिष्ट मांग के अनुरूप युवाओं को कौशल प्रदान कर सकें। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सभी विभागों को एक मंच पर आकर कौशल विकास कार्यों में तेजी लाने को कहा। सचिव कौशल विकास एवं सेवायोजन सी. रविशंकर ने स्थानीय से लेकर विदेशी प्लेसमेंट तक की रणनीति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव दिलीप जावलकर, रंजीत सिन्हा, रविनाथ रामन, विनय शंकर पांडेय, दीपेंद्र चौधरी, डी एस गब्रियाल, हॉफ वन विभाग रंजन मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# सीएम ने राम सिंह कैड़ा के घर पहुंचकर जताया शोक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा के हल्द्वानी स्थित जज फार्म आवास पहुंचकर उनकी दिवंगत माता रेवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और वे स्वयं परिवार के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर उनके साथ जिला प्रशासन के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे जिन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।








# बस दुर्घटना के घायलों का हाल जानने दून अस्पताल पहुंचे सीएम धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर कालसी क्षेत्र के क्वानू-मीनस मोटर मार्ग पर हुई बस दुर्घटना में घायल यात्रियों का हाल-चाल जाना। हिमाचल परिवहन निगम की इस बस दुर्घटना में घायल हुए हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के नागरिकों से मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।अस्पताल में निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घायलों के बेड के पास जाकर उनसे बातचीत की और चिकित्सकों से उनके उपचार की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल टीम को सख्त निर्देश दिए कि सभी घायलों को बिना किसी देरी के सर्वोत्तम और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद घायलों के परिजनों से भी संवाद किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उपचार का पूरा खर्च और जिम्मेदारी उठाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इलाज की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री ने अस्पताल से ही विकासनगर के उप जिला चिकित्साधिकारी को दूरभाष पर निर्देश दिए कि वहां उपचाराधीन घायलों को भी पूरी संवेदनशीलता के साथ बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश सरकार को भी आश्वस्त किया कि उत्तराखंड में भर्ती हिमाचल के सभी घायल यात्रियों का समुचित और नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और राहत कार्यों की स्वयं निगरानी कर रही है।



# युवाओं के सुनहरे भविष्य का आधार बनी धामी सरकार

## साढ़े चार साल में 28 हजार को सरकारी सेवा का अवसर,सख्त नकल विरोधी कानून और पारदर्शी चयन प्रक्रिया से हर माह औसतन 518 युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का साढ़े चार साल का कार्यकाल प्रदेश के युवाओं के लिए खुशहाली और रोजगार के नए द्वार खोलने वाला साबित हुआ है। राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों और रिक्त पदों को भरने के संकल्प के चलते अब तक साढ़े 28 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। आंकड़ों के नजरिए से देखें तो मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार ने प्रति माह औसतन 518 युवाओं को सरकारी सेवा प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरकार की यह उपलब्धि न केवल युवाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि प्रदेश के विकास में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित कर रही है। सरकारी भर्तियों में पूर्व में सक्रिय रहे नकल माफिया के कुचक्र को तोड़ने के लिए मुख्यमंत्री



पुष्कर सिंह धामी ने फरवरी 2023 में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश का सबसे सख्त 'नकल विरोधी कानून' लागू किया। इस कानून के प्रभावी होने के बाद भर्ती परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता कायम हुई है, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के मेधावी छात्रों को मिल रहा है। पूर्व में जिन भर्ती प्रक्रियाओं को पूरा होने में दो से तीन साल का लंबा समय लगता था, अब वे औसतन एक साल के भीतर ही संपन्न हो रही हैं। पारदर्शिता का ही परिणाम है कि अब प्रतिभाशाली युवा एक साथ कई विभागों की परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं, जिससे उनकी योग्यता का उचित सम्मान हो रहा है। 04 जुलाई 2021 को कार्यभार संभालने के बाद से अब तक मुख्यमंत्री का कार्यकाल 54 महीनों का हो चुका है। इस अवधि में लोक सेवा आयोग, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और चिकित्सा सेवा चयन आयोग के माध्यम से रिकॉर्ड संख्या में नियुक्तियां की गई हैं। सरकार का लक्ष्य आगामी एक वर्ष के भीतर विभिन्न आयोगों के माध्यम से और अधिक पदों पर भर्तियां संपन्न कराना है, जिससे सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं का यह आंकड़ा और भी अधिक विस्तृत होगा। धामी सरकार केवल प्रदेश के भीतर ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए गंभीर है। 9 नवंबर 2022 को शुरू की गई 'मुख्य मंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना' इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को आतिथ्य (हॉस्पिटैलिटी), नर्सिंग और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय मानकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 154 युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 37 युवा वर्तमान में जापान जैसे विकसित देश में रोजगार प्राप्त कर देवभूमि का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त जर्मनी के लिए भी युवाओं को तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट मत है कि सरकार युवाओं को केवल सरकारी नौकरी ही नहीं, बल्कि स्वरोजगार के लिए भी सक्षम बना रही है। सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं और सब्सिडी आधारित ऋण योजनाओं के माध्यम से हजारों युवा आज दूसरों को रोजगार देने वाले 'जॉब गिवर' बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के लिए 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ निरंतर कार्य कर रही है, ताकि उत्तरा खंड देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बन सके।

# भाजपाईयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

गदरपुर(उद संवाददाता)। संसद के बाहर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पंजाब से भाजपा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ कथित रूप से अपशब्दों का प्रयोग किए जाने के विरोध में गदरपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेन बाजार में राहुल गांधी का पुतला दहन किया और नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारे लगाए और उनके बयान की कड़ी निंदा की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि राहुल गांधी का यह व्यवहार संसद की गरिमा के खिलाफ है और देश के एक जिम्मेदार केंद्रीय मंत्री का अपमान है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर नगर



अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कहा कि राहुल गांधी लगातार असंसदीय भाषा का प्रयोग कर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रवनीत सिंह बिट्टू जैसे वरिष्ठ नेता, जो पंजाब के रहने वाले हैं और केंद्र सरकार में मंत्री हैं, उनके खिलाफ इस तरह की भाषा निंदनीय है। भाजपा कार्यकर्ता इसका पुरजोर विरोध करते रहेंगे।उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी को अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुतला दहन के बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के समर्थन में और कांग्रेस के खिलाफ नारे लगाए।

# किच्छा के विकास के लिए एक करोड़ की धनराशि जारी

किच्छा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किच्छा के विकास को लेकर किए गए वादों को धरातल पर उतारने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री की दो महत्वपूर्ण घोषणाओं को पूर्ण करने हेतु लगभग 1 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। यह जानकारी पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान साझा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने किच्छा दौरे के दौरान जनता से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने के लिए शासन स्तर से बजट आवंटित कर दिया गया है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि विगत 13 अक्टूबर 2024 को किच्छा में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष जनहित में कुछ मांगें रखी थीं। इन मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री



ने दो प्रमुख घोषणाएं की थीं। इसमें पहली घोषणा किच्छा के पुराने टैक्सी स्टैंड पर भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी झेलकर आए विभाजन विभीषिका के सेनानियों की स्मृति में एक भव्य सेनानी स्मारक की स्थापना करना था। दूसरी घोषणा के तहत पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा स्थापित की जानी थी। पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि घोषणा संख्या 636/2024 के अंतर्गत विभाजन विभीषिका सेनानियों के स्मारक निर्माण के लिए 51 लाख 51 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। वहीं, घोषणा संख्या 635/2024 के तहत बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा स्थापना के लिए 45 लाख 88 हजार रुपये की धनराशि संस्कृति विभाग द्वारा कार्यदायी संस्था को अवमुक्त कर दी गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धामी सरकार जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और किच्छा के समग्र विकास के प्रति पूरी तरह संकल्पबद्ध है। इन परियोजनाओं से क्षेत्र की ऐतिहासिक और सामाजिक विरासत को नई पहचान मिलेगी।

# सिंचाई एवं पेयजल के लिए मील का पत्थर होगा जमरानी बांध : सीएम

## मुख्यमंत्री ने जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जनपद भ्रमण के दौरान गोला नदी पर सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से निर्माणाधीन जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परियोजना स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों से निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।मुख्यमंत्री ने परियोजना की समयबद्धता, गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत चल रहे अन्य निर्माण कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से पर्यावरणीय एवं तकनीकी बाधाओं का समाधान किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने क्षेत्रवासियों की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए जमरानी बांध परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने परियोजना को आगे बढ़ाने में सहयोग देने वाले स्थानीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।मुख्यमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार योजनाओं को कागजों तक सीमित न रखते हुए धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार शब्दों में नहीं, कार्यों में विश्वास करती है। जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अड़चन या धनराशि की कमी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। राज्य में कोई भी जन कल्याणकारी योजना



अधूरी नहीं रहेगी, सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जमरानी बांध परियोजना राज्य की समृद्धि का प्रतीक है। यह परियोजना उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगी। बांध के निर्माण से जहां एक ओर सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा सुदृढ़ होगी, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप परियोजना से विद्युत उत्पादन की संभावनाओं पर केन्द्र सरकार से वार्ता की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से कुमाऊं के तराई क्षेत्र के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के किसानों एवं क्षेत्रवासियों को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर जमरानी बांध परियोजना के महाप्रबंधक श्री महेश खरे ने जानकारी दी कि परियोजना के अंतर्गत निर्मित की जा रही दो टनलों का कार्य लगभग 88 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। नदी के जल प्रवाह के डायवर्जन हेतु कॉफर डैम का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि जून 2026 तक टनल निर्माण एवं कृत्रिम डैम का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके पश्चात आगामी मानसून के दौरान नदी का जल टनलों के माध्यम से डायवर्ट किया जाएगा। इसके उपरांत स्थायी बांध के निर्माण कार्य को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि परियोजना का संपूर्ण निर्माण कार्य जून 2029 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर विधायक कालाढुंगी बंशीधर भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपा दर्मवाल, दर्जा राज्यमंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, दीपक मेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, के.डी. रूबाली, मण्डलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय नागरिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।







# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ऑनलाइन खेल की लत

ऑनलाइन खेल मनोरंजन का साधन हो सकता है, लेकिन इसके लिए सीमित समय तय करना और आत्मनियंत्रण बेहद जरूरी है। अगर किसी बच्चे या किशोर को इसकी लत लग जाए, तो इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। आज की आभासी दुनिया में ऐसे खेल भी आ गए हैं, जिनमें उपयोगकर्ताओं को जोखिम भरे कार्य दिए जाते हैं। बच्चे इन खेलों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं, जिससे वे न केवल शारीरिक एवं मानसिक विसंगतियों का शिकार हो जाते हैं, बल्कि कई बार आत्मघाती कदम उठा लेते हैं।उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां तीन नाबालिग बहनें मंगलवार देर रात इमारत की नौवीं मंजिल से कूद गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस को प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला कि ये तीनों बहनें एक ऐसे आनलाइन खेल की आदी थीं, जिसमें खेल के दौरान कुछ इस तरह के कार्य दिए जाते हैं, जो खतरे से खाली नहीं होते। इसमें दोराय नहीं कि इंटरनेट और स्मार्ट फोन ने हमारे जीवन को सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन तकनीक के इस साधन में कई तरह के खतरे भी छिपे हुए हैं। मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से न केवल बच्चों और किशोरों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि उनके व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गाजियाबाद में इमारत से कूदकर जान देने वाली लड़कियों के परिवारवाले भी इस बात से चिंतित थे और उनके आनलाइन गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे। कहा जा रहा है कि परिवार वालों ने इन तीनों बहनों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, जिससे वे बेहद निराश थीं। सवाल है कि ऐसे आनलाइन खेलों की अनुमति कैसे दे दी जाती है, जो किसी बच्चे के जीवन को खतरे में डाल दे या फिर उसकी मौत का कारण बन जाए? जाहिर है, इसके पीछे कानून में स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव हो सकता है। मगर अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे इस तरह के जोखिम को हल्के में न लें और बच्चों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल के दौरान उन पर नियमित नजर रखें।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुध्द आयुर्वेदिक पध्दति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# बदहाल कानून व्यवस्था के खिलाफ सीएम और डीजीपी का फूंका पुतला

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में दिनदहाड़े एक युवती की निर्मम हत्या और प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में गुरुवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। लखनपुर चुंगी पर एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पुलिस महानिदेशक का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया। सुमित लोहनी युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि राजधानी देहरादून जैसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में गुंजन नाम की युवती की सरेआम गला रेत कर हत्या कर दी गई। यह घटना दर्शाती है कि प्रदेश में अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ पूरी तरह समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के विभिन्न इलाकों में अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार पर तीखे हमले किए। सुमित लोहनी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिसके कारण महिलाएं अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने बदहाल कानून व्यवस्था के लिए सीधे तौर पर पुलिस महानिदेशक को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गुंजन के हत्यारे को जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाए और पीड़ित परिवार को उचित न्याय मिले। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रदेश में आपराधिक घटनाओं पर लगाम नहीं लगाई गई और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई, तो युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन करने वालों में युवा कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।



# सुरक्षा कार्यों के चलते गर्जिया देवी मंदिर 13 फरवरी तक बंद

रामनगर (उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिर में चल रहे सुरक्षात्मक और निर्माण कार्यों के दृष्टिगत प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु मंदिर परिसर को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। रामनगर के उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंचाई खंड द्वारा मंदिर के टीले पर मरम्मत और जर्जर हो चुके चबूतरे के पुनर्निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। निर्माण कार्य की संवेदनशीलता और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए कल से 13 फरवरी तक मंदिर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मंदिर के नीचे स्थित चबूतरा काफी जर्जर अवस्था में था, जिससे दुर्घटना का भय बना हुआ था। सिंचाई विभाग के अभियंताओं द्वारा लिखित रूप से आग्रह किया गया था कि निर्माण कार्य के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रह सकती है। इसी आधार पर मंदिर समिति और पुजारियों से वार्ता के बाद प्रशासन ने मंदिर को अस्थायी रूप से बंद करने के लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। 13 फरवरी के बाद कार्य की प्रगति और सुरक्षा स्थिति का पुनः आकलन किया जाएगा और यदि परिसर सुरक्षित पाया गया तो मंदिर को दोबारा खोल दिया जाएगा। प्रशासन और मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था भी की है। उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मंदिर के पुजारियों के माध्यम से मां के डोले को नीचे पुल पार पैतृक मंदिर में स्थापित किया जाएगा। श्रद्धालु टीले पर चढ़े बिना ही नीचे से माता के दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकेंगे।




# पुलिस ने युकांइयों से छीना सीएम का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं बढ़ती बेरोजगारी जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला फूंकने युवा बुध पार्क पहुंचे युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथ से भारी पुलिस फॉर्स ने पहुंचकर पुतला छीन लिया। इस दौरान गुस्साए कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी बहस और धक्का मुक्की भी हुई। पुतला छीनने के लिये पुलिस कड़ी मशक्तत करनी पड़ी। भारी विरोध के बीच युवा नेता हेमन्त साहू को गिरफ्तार कर पहले कोतवाली फिर मेडिकल चौकी में बैठाए रखा। हेमन्त साहू व विशाल भोजक ने कहा उत्तराखण्ड में कानून स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई अपराध नशे का करोबार चरम सीमा पर पहुंच गया है। पुलिस सरकार के दबाव में कर रही है सही गलत का अंतर पता करने में नाकाम साबित हो रही हैं। छात्र नेता शोभित कुमार व अक्षत पाठक ने कोटद्वार में दीपक प्रकरण को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा सीएम के दौरे से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। गिरफ्तार देने में वालों छात्र नेता शोभित कुमार, मयंक गोस्वामी, पार्थ धपोला, सुमित कुमार, कमलेश फुलारा, विवेक मिश्रा, मेहुल साह, सचिन राठौर, शानू अल्वी, सौरभ कुमार आदि कार्यकर्ता थे।

# पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने निकाला फ्लैग मार्च

काशीपुर/जसपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के कुशल निर्देशन में आगामी पवित्र कांवड़ यात्रा और आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ऊधमसिंह नगर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। बुधवार को जनपद के जसपुर एवं काशीपुर क्षेत्रों में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों द्वारा संयुक्त रूप से भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना तथा असामाजिक तत्वों में कानून का खौफ पैदा करना रहा।संयुक्त कार्रवाई के तहत कोतवाली जसपुर एवं कोतवाली काशीपुर पुलिस टीमों ने पैरामिलेट्री फोर्स के साथ मिलकर अपने-अपने क्षेत्रों के मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, संवेदनशील स्थानों एवं घनी आबादी वाले इलाकों में गहनता से पैदल गश्त की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने गलियों और भीड़भाड़ वाले चौराहों से गुजरते हुए आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और नागरिकों से अपील की कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का पूर्ण सहयोग करें।एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आगामी आयोजनों के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा व त्योहारों के दौरान ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था फैलाने वालों पर तत्काल कठोर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस की इस सक्रियता से स्थानीय निवासियों में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ा है।



# क्षेत्र पंचायत की बैठक में किए गए विभिन्न प्रस्ताव पारित

गदरपुर। क्षेत्र पंचायत,बीडीसी की तीसरी बैठक ब्लाक प्रमुख एड.श्रीमती ज्योति ग्रोवर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक की कार्यवाही से पूर्व खंड विकास अधिकारी श्रीमती अतिया परवेज द्वारा विगत बैठक की कार्यवाही को विभागवार सदन को पढ़कर सुनाया गया। समस्त विभागों द्वारा अपने परिचय देते हुए योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा सम्मानित सदस्यों के प्रस्ताव एवं समस्याओं को निस्तारण हेतु अभिलेखित किया गया। इसके उपरान्त प्रमुख क्षेत्र पंचायत गदरपुर की अनुमति से क्षेत्र पंचायत बैठक का शुभारम्भ किया गया। आंकाक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पूर्णता शपथ सदन को दिलाई गयी। बैठक में मुख्य रूप से विद्युत, सिंचाई,राजस्व एवं जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्यायें बैठक में रखी गयी। नोडल अधिकारी,जिला विकास अधिकारी महोदय ऊधमसिंह नगर द्वारा सम्बन्धित विभागों को विभिन्न समस्याओं,प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों के बनाए गए आईडी कार्ड वितरित किये गये ,जिसका उद्देश्य सभी सदस्य आईडी कार्ड, बीडीसी बैठक में पहन कर आएंगे और बिना आईडी कार्ड के बैठक में उनके पति या प्रतिनिधि शामिल नहीं हो सकेंगे । इस दौरान प्रीत ग्रोवर मा0 सांसद प्रतिनिधि एवं सचिव क्षेत्र पंचायत गदरपुर/ खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर श्रीमती अतिया परवेज,ज्येष्ठ प्रमुख श्रीमती कवलजीत कौर ग्राम पंचायत लखनऊ, कनिष्ठ उप प्रमुख रीमा पाईक , तहसीलदार लीना चंद्रा,जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, अन्य विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे ।




# एक साल से शक्तिफार्म-दिल्ली रूट पर यात्री बेहाल, आखिर जिम्मेदार कौन?

## नगर पंचायत शक्तिफार्म के अध्यक्ष ने उत्तराखण्ड परिवहन विभाग को सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म । शक्तिफार्म से दिल्ली के बीच संचालित होने वाली उत्तराखण्ड रोडवेज बस सेवा पिछले करीब एक वर्ष से अनियमित बनी हुई है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर जनसमस्या पर अब तक प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। सवाल यह है कि जब रोजाना दर्जनों यात्री प्रभावित हो रहे हैं, तो जिम्मेदार अधिकारी आखिर किसका इंतजार कर रहे हैं,नगर पंचायत शक्तिफार्म के अध्यक्ष सुमित मंडल के नेतृत्व में नागरिकों ने इस मुद्दे को लेकर एक ज्ञापन उत्तराखण्ड परिवहन विभाग को सौंपा। ज्ञापन का संबोधन जिलाधिकारी महोदय/एआरएम के नाम किया गया है, जबकि यह ज्ञापन उधम सिंह नगर, रुद्रपुर स्थित परिवहन विभाग के एआरएम को सौंपा गया। इससे पहले भी कई बार फोन के माध्यम से शिकायतें की गईं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। बसें कब आएंगी, किसी को नहीं पता। यात्रियों का कहना है कि रोडवेज बसों का कोई तय समय नहीं रह गया है। कई बार घंटों इंतजार के बाद भी बस नहीं आती और कभी-कभी बिना सूचना के बस रद्द कर दी जाती है। सवाल उठता है कि जब रोडवेज एक सरकारी सेवा है, तो इसकी जवाबदेही कौन तय करेगा? बुजुर्गों की सेहत से हो रहा खिलवाड़,बस सेवा की अव्यवस्था का सबसे ज्यादा खामियाजा बुजुर्ग यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। इलाज और पारिवारिक जरूरतों के लिए दिल्ली जाने वाले बुजुर्ग घंटों खड़े रहने को मजबूर हैं। बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से उन्हें घुटनों के दर्द, थकान और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्या प्रशासन को इन बुजुर्गों की हालत दिखाई नहीं देती। बच्चों का भविष्य हो रहा प्रभावित ,स्कूल, कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए यह अनियमितता भविष्य पर सीधा असर डाल रही है। कई बार बस न मिलने से छात्र परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच पाते। प्रशासन की इस उदासीनता से छात्रों का समय, पैसा और मनोबल तीनों प्रभावित हो रहे हैं। रोजाना 60-70 यात्री, फिर भी अनदेखी ,जानकारी के अनुसार प्रतिदिन लगभग 60 से 70 यात्री शक्तिफार्म- दिल्ली रूट पर रोडवेज सेवा पर निर्भर रहते हैं। इसके बावजूद न तो बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है और न ही समय सारिणी सुधारी जा रही है। सवाल यह भी है कि जब यात्री हैं, तो परिवहन विभाग राजस्व बढ़ाने के बजाय घाटा क्यों झेल रहा है, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मण्डल ने शक्तिफार्म में स्थायी रोडवेज बस स्टैंड बनाए जाने की मांग भी रखी है। फिलहाल यात्री धूप, बारिश और ठंड में खुले स्थान पर खड़े रहने को मजबूर हैं। नागरिकों ने मांग की है कि शक्तिफार्म-दिल्ली रोडवेज बस सेवा को तुरंत नियमित किया जाए और स्थायी रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब जागता है। ज्ञापन सौपने मे देवेंद्र मेहरोत्रा, देवशीष पोद्दार,राधाकृष्ण अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, हर्षवर्धन आदि थे।



# प्राथमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर।भारत विकास परिषद रूद्रपुर शाखा की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय रविंद्र नगर में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक सदस्य मनीष अग्रवाल एवं शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगीत के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मनीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षा को जीवन निर्माण का आधार बताया। मंच संचालन कर रहे जतिन अग्रवाल ने भी बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। परिषद की ओर से उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए सभी गुरुजनों और प्रधानाचार्य को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में कुल 172 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया तथा सभी बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजकों ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में गुरु और शिष्य के संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य किशन शर्मा एवं अन्य अध्यापकगण का विशेष सहयोग रहा। भारत विकास परिषद रूद्रपुर शाखा की ओर से शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, सचिव जतिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शक्ति बठला, वरिष्ठ संस्थापक सदस्य मनीष अग्रवाल, राज कुमार बिंदल, संजीव अरोड़ा, राहुल सिंघल, अमित गंभीर तथा श्रीमती प्रियंका अग्रवाल उपस्थित रहे।





# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती

किच्छा (उद संवाददाता)। सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में लंबे समय से चली आ रही एक्स-रे टेक्नीशियन की कमी दूर हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने स्थानीय मरीजों की दिक्कतों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के दिशा-निर्देशों पर केंद्र में एक्स-रे टेक्नीशियन की स्थाई तैनाती कर दी है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक के आदेशानुसार रजनीश कुमार श्रीवास्तव को किच्छा स्वास्थ्य केंद्र में तैनात किया गया है, जिसकी पुष्टि चिकित्सा अधिकारी डा. के.के. अग्रवाल द्वारा जारी आधिकारिक आदेश में की गई है।इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के बाद अब अस्पताल में आने वाले मरीजों को डिजिटल एक्स-रे या अन्य सामान्य जांचों के लिए निजी सेंटरों या दूरस्थ अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा उपलब्ध होने से निर्धन और मध्यम वर्गीय मरीजों के समय और धन दोनों की बचत होगी। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं या अन्य आपातकालीन स्थितियों में घायलों की तुरंत जांच संभव हो सकेगी, जिससे उपचार में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा। अस्पताल प्रशासन का मानना है कि टेक्नीशियन की तैनाती से केंद्र की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आएगा।स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि किच्छा क्षेत्रवासियों द्वारा काफी समय से एक्स-रे टेक्नीशियन की मांग की जा रही थी, जिसे सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस नियुक्ति से किच्छा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय निवासियों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# पर्यावरण मित्रों ने यूजीसी बिल के समर्थन में निकाली रैली

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम के पर्यावरण मित्रों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने यूजीसी (न्ळब) बिल 2026 के समर्थन में लामबंद होते हुए बुधवार को शहर में विशाल रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च किया और केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस बिल पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक पर कड़ा ऐतराज जताया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाज के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा और बिल को यथावत लागू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यूजीसी बिल 2026 जो पारित हुआ था, वह समाज के शैक्षिक और सामाजिक हितों की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम था। लेकिन माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस बिल पर रोक लगाए जाने से समाज में असुरक्षा और निराशा का भाव पैदा हो गया है। रैली के दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों ने जमकर नारेबाजी की और कहा कि यह बिल उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए जरूरी है, इसलिए इस पर लगी कानूनी रोक को तुरंत हटाया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपते हुए पर्यावरण मित्रों ने दोटूक शब्दों में कहा कि वर्तमान में वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात प्रशासन के माध्यम से सरकार तक पहुँचा रहे हैं। यदि यूजीसी बिल पर लगी रोक को हटाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए और बिल को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया, तो वे काम बंद कर धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। दौरान रैली में सैकड़ों की संख्या में पर्यावरण मित्र, और वाल्मीकि समाज के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।




# एमआरएफ सेंटर में सीवर टैंकों की धुलाई से व्यापारी आक्रोशित

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर पालिका द्वारा बुध बाजार क्षेत्र में स्थापित एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर वर्तमान में स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों के लिए जी का जंजाल बन गया है। पालिका कर्मचारियों द्वारा सेंटर परिसर में सीवर टैंकों की धुलाई किए जाने से क्षेत्र में भारी गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे व्यापारियों का रोष सातवें आसमान पर है।स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारी अक्सर इस सेंटर पर सीवर टैंकों की सफाई और धुलाई का कार्य करते हैं। परिसर में जल निकासी (ड्रेनेज) की उचित व्यवस्था न होने के कारण टैंकों से निकलने वाला दूषित और मल युक्त पानी सीधे मुख्य सड़क पर फैल जाता है। व्यापारियों के अनुसार, इस गंदे पानी से उठने वाली तीखी बदबू के कारण दुकानों पर बैठना दूभर हो गया है और ग्राहक भी बाजार आने से कतरा रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि एमआरएफ सेंटर के पास ही कूड़े से लदी बड़ी ट्रॉलियां खड़ी रहती हैं, जो पहले से ही दुर्गंध का स्रोत बनी हुई हैं। अब



सीवर के पानी ने स्थिति को और भयावह बना दिया है। क्षेत्र में मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि सीवर टैंकों की धुलाई बाजार क्षेत्र के एमआरएफ सेंटर के बजाय किसी शहर से दूर और उचित स्थान पर कराई जाए। साथ ही, सेंटर में पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो वे नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

# वायु प्रदूषण को लेकर एन कैप की टीम पहुंची काशीपुर

काशीपुर। पर्यावरण वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल क्योर एयर पॉल्यूशन कंट्रोल (एन कैप) की टीम ने आज राजकीय चिकित्सालय पहुंचकर हवा में होने वाले प्रदूषण एवं इसके नुकसान को लेकर सर्वेक्षण किया। शहरों में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर दिल्ली से आई साइंटिस्टों की टीम ने बताया कि प्रदूषण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद यदि जरूरत पड़ी तो इसके स्थाई विकल्प निकाले जाएंगे। सर्वेक्षण के दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अधिकारियों के अलावा सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी/डीजीएमओ डॉ अमरजीत सिंह, सीनियर साइंटिस्ट कर्मवीर सिंह, साइंटिस्ट लालजी वर्मा, एईराजीव कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## पेज एक का शेष...

**भारत माता मंदिर...**को बनाए रखने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत माता मंदिर केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का एक जीवंत केंद्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वामी सत्यामित्रानंद जी एक ऐसी चेतना थे जिन्होंने सनातन की उदारता को हर हृदय तक पहुँचाया। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, योग गुरू स्वामी रामदेव, प्रमोद कृष्णन आदि समेत तमाम संत और राजनेता मौजूद रहे।

**मोबाईल मंत्रा शोरूम...**व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही संजय के साथ कई व्यापारी मौंके पर आ पहुंचे। घटना की सूचना मिलने पर बाजार चौकी पुलिसकर्मी व फारेंसिस टीम भी वहां पर आ गई। दुकान स्वामी गौरव मुंजाल ने बताया कि अज्ञात चोर साथ ही लगी सीढ़ियों से दोमंजिल पर पहुंचे और उन्होंने शोरूम के ऊपर लगे गेट को उखाड़ दिया। जिसके बाद सीढ़ियों से नीचे शोरूम में आ गये और उन्होंने शोरूम में रखे लाखों रूपये के कीमती मोबाईल, डीवीआर, लेपटॉप, हजारों की नगदी, मोबाईल से सम्बधित भारी संख्या में सामान चोरी कर लिया। उनका कहना है कि चोर शोरूम से पानी का कैम्पर भी दोमंजिल पर ले गये जहां उन्होंने पानी पिया और डिब्बों से मोबाईल निकाले। गौरव ने बताया कि चोरी हुए सामान व नगदी का विस्तृत विवरण शोरूम का पूरा निरीक्षण करने के बाद ही पता चल सकेगा। उन्होंने बताया इससे पूर्व भी उनके शोरूम में लाखों के मोबाईल की चोरी हुई थी जिसका पूरा विवरण पुलिस को दिया था। लेकिन पुलिस आज तक घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। उन्हें सिर्फ खुलासे का भरोसा ही मिला है। इधर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण ही नगर में आपराधिक मामलों की बाढ़ सी आ गई है। चोरी, लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार आदि अपराध अब सामान्य बात हो गये हैं। वहीं नशा, अवैध हथियार तस्करी लगतार बढ़ती जा रही है। जिससे आम जनता में पुलिस पर से विश्वास उठता जा रहा है। चीता मोबाईल टीम रात्रि गश्त के नाम पर महज खानापूर्ति कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस ने चोरी की इस घटना का शीघ्र खुलासा नहीं किया तो व्यापार मंडल पुलिस के खिलाफ आन्दोलन शुरू करने को बाध्य हो जायेगा। घटना की सूचना पर पूर्व मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और घटना पर चिंता व्यक्त की।

**एसएसपी ने देर रात...**विशेष अभियान चलाकर महिलाओं के मोबाइल में यह एप डाउनलोड कराने और उन्हें सुरक्षा फीचर्स के प्रति जागरूक करने को कहा। इसके साथ ही डायल-112 पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं, विशेषकर महिला अपराधों से संबंधित मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।नशे के विरुद्ध अभियान को और तेज करने के लिए एसएसपी ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की संपत्तियों के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की जाए। वहीं, साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए उन्होंने जन-जागरूकता कार्यक्रमों पर जोर दिया और साइबर ठगी में प्रयुक्त होने वाले 'म्यूल बैंक खातों' पर कठोर वैधानिक कार्रवाई करने को कहा। आगामी पवित्र कांवड़ यात्रा और त्योहारों के दृष्टिगत एसएसपी ने यातायात प्रबंधन, रात्रिकालीन ड्यूटी और भीड़ नियंत्रण की योजना की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच की जाए। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी के लिए गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के समापन पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दोटूक शब्दों में चेतावनी दी कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता या शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सकारात्मक छवि बनाए रखना प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है। कार्यों की निगरानी के लिए नियमित रूप से औचक निरीक्षण और समीक्षा जारी रहेगी।

**करोड़ों के घोटाले...**कराया। जब जांच की गई तो दोनों शाखाएं बंद मिलीं और आरोपियों के बैंक खातों में 2 करोड़ 26 लाख तथा 4 करोड़ 58 लाख रुपये के संदिग्ध लेन-देन की पुष्टि हुई। कोतवाली रामनगर में दर्ज मुकदमे की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कल्त्याल, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित सैनी व क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने दिल्ली, हरियाणा और लखनऊ में संभावित ठिकानों पर दबिश दी, जिसके बाद 4 फरवरी को दोनों आरोपियों को लालकुआं क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि इनके खिलाफ अन्य थानों में भी धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही कुछ और गिरफ्तारियां होने की संभावना है।सफल अनावरण करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक सिंह बिष्ट, कांस्टेबल आनंदपुरी और कांस्टेबल जितेंद्र बिष्ट शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने टीम के उत्साहवर्धन के लिए 2500 रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। डॉ. मंजुनाथ टीसी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी निवेश योजना में पैसा लगाने से पहले उसकी वैधानिकता की स्वयं जांच करें और अधिक लाभ के लालच में न फंसें। उन्होंने कहा कि संदिग्ध मामलों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, नैनीताल पुलिस अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**नाबालिंग से रेप...**और इसे 'लव जिहाद' से जोड़कर देख रहे हैं। भारी भीड़ ने कोतवाली के बाहर जमा होकर पुलिस से आरोपित को जल्द से जल्द दबोचने और कड़ी सजा दिलाने की मांग की। क्षेत्र में उपजे तनाव को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ताकि स्थिति नियंत्रण से बाहर न हो। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और दबिश दी जा रही है। पुलिस ने आम जनता से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। फिलहाल भवाली का बाजार बंद है और प्रदर्शन जारी है। स्थानीय संगठनों का कहना है कि जब तक आरोपित पुलिस की गिरफ्त में नहीं आता, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन स्थिति पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए है और वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं।

**संदिग्ध हालातों में ...**लेखराज का 22 वर्षीय पुत्र निशांत घर में अकेला था। इसी दौरान उसने कमरे के भीतर कुंडे से लटक कर फांसी लगा ली। जब परिजन घर लौटे तो बेटे का शव फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए और घर में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के पड़ोसी भी मौके पर जमा हो गए। मृतक के पिता लेखराज ने पुलिस को बताया कि निशांत लंबे समय से नशे का आदी था। परिजनों ने कई बार उसे नशा छोड़ने के लिए समझाया और सख्ती भी की, लेकिन वह अपनी लत से मजबूर था। माना जा रहा है कि इसी अवसाद या नशे की स्थिति में उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और परिस्थितियों का पूरी तरह खुलासा हो सकेगा।

**कार पर पलटा ...**अहम सहारा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही गांव कनौरा में सन्नाटा पसर गया और परिजनों का बुरा हाल है। घटना की सूचना पर कोतवाल नरेश चौहान और दोराहा चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, स्थानीय लोगों में पुलिस और परिवहन विभाग के खिलाफ भारी नाराजगी देखी गई। लोगों का आरोप है कि हाईवे पर क्षमता से अधिक लोडिंग वाले वाहन बेखौफ दौड़ रहे हैं, जिससे आए दिन बेगुनाह लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**व्यापार मंडल चुनाव...**लगाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की। गौरतलब है कि बुधवार को संपन्न हुए व्यापार मंडल चुनाव की मतगणना के दौरान अचानक हंगामा हो गया था। स्थिति बिगड़ने पर प्रशासन ने मतगणना पर रोक लगाते हुए मतपेटियों को एक कमरे में बंद कर सील कर दिया। इसके बाद से ही पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। फिलहाल मतगणना दोबारा कब शुरू होगी, इसको लेकर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# व्यापार मंडल चुनाव मतगणना में भारी हंगामा

## मतगणना रोक मतपेटियों को किया गया सील

खटीमा (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर ईकाई के लिये हुए चुनाव की बुद्धवार को देर शाम हुई मतगणना के दौरान प्रत्याशियों के बीच भारी हंगामा हो गया। स्थिति इतनी तनाव पूर्ण हो गई कि उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को अपने हाथ







डंडा में लेकर उपद्रव करने वाले समर्थकों को शांत कराना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने प्रत्याशी को हारता देखते हुए कुछ नेताओं एवं समर्थकों के द्वारा मतगणना स्थल पर हंगामा शुरू कर दिया गया। देखते ही देखते अफरा तफरी इस कदर बढ़ गई की मौके पर उपस्थित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने मतगणना को स्थगित कर दिया एवं शेष बची तीन मतपेटियों को मतगणना स्थल के एक कमरे में रखकर सील कर दिया गया। जिनकी सुरक्षा के लिए प्रत्याशियों के समर्थकों के द्वारा पहरा देने की बात पर सहमति बनी। ज्ञात हो कि अभी अध्यक्ष पद और मंत्री पद के प्रत्याशियों की मतगणना होना शेष है। जबकि कोषाध्यक्ष पद की मतगणना पूर्ण हो चुकी है। जिसके बाद ही दूसरे पक्ष के लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। वहीं इस घटना से नाराज समर्थकों में नगर के मुख्य चौक पर एकत्र हो जमकर नारेबाजी करी। फिलहाल तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मतगणना स्थल एवं नगर के मुख्य मार्गो पर प्रशासन के द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। वहीं इस पूरे प्रकरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं के द्वारा एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाने का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है।व्यापार मंडल के तीन पदों के लिए हुए मतदान में पंजीकृत 3202 व्यापारियों में से 2704 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कोषाध्यक्ष पद पर मो. जरीफ 967 मत प्राप्त कर 104 मत से विजयी रहे,जबकि शुभम गोयल ने 863 व गौरव अग्रवाल ने 824 मत प्राप्त किए। इस दौरान कुल मतों की गिनती में 27 मत कम मिलने पर एक पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। जिस पर एसडीएम तुषार सैनी और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत किया पोर हंगामा कर रहे समर्थकों को



मतदान केंद्र से बाहर किया। इसध्के बाद चुनाव समिति से वार्ता कर मतगणना स्थगित कर दी। साथ ही मतपेटियों को सील कर दिया गया। एसडीएम सैनी ने बताया कि मतगणना स्थल पर हंगामे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था बनाई। हंगामे के बाद समिति ने मतपेटियां सील कर दीं। इधर मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल बत्रा ने बताया कि मतगणना के दौरान मतपेटी में 27 वोट कम मिले थे। फिलहाल मतगणना स्थगित कर दी है। अग्रिम आदेश का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी और पालिकाध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी और कुछ कांग्रेस पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। विधायक कापड़ी ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के दबाव में मतगणना रोकी गई है। पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि मतदान में धांधली की आशंका पर व्यापारियों 'ने विरोध किया था। चुनाव निष्पक्ष होना चाहिए।

# नाटकीय अंदाज में भुल्लर के आवास पहुंचे भाजपा विधायक अरविंद पांडे

## भूमि विवाद को लेकर प्रेस वार्ता के बीच दोनों नेताओं के आमने सामने आने से सभी हैरान

गदरपुर। बुक्सा जनजाति समाज की भूमि को लेकर चल रहे सियासी घमासान के बीच बुधवार को उस समय राजनीतिक तापमान और बढ़ गया, जब यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा विधायक अरविंद पांडे अचानक उनके आवास पर पहुंच गए। विधायक की इस अप्रत्याशित मौजूदगी ने पूरे घटनाक्रम को नाटकीय मोड़ दे दिया और मौके पर मौजूद पत्रकारों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय लोगों की निगाहें उन्हीं पर टिक गईं। प्रेस वार्ता के दौरान भुल्लर जहां भाजपा विधायक के पुत्र पर जनजाति समाज की तीन एकड़ भूमि को कथित रूप से जालसाजी से हथियाने और बाद में बेचने के गंभीर आरोप लगा रहे थे, वहीं ठीक उसी समय विधायक अरविंद पांडे का वहां पहुंचना राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया। दोनों नेताओं के आमने सामने आने से कुछ देर के लिए माहौल में सन्नाटा





पसर गया, हालांकि बाद में दोनों ने एक दूसरे से हाथ मिलाया। पांडे ने भुल्लर को अपना छोटा भाई बताते हुए औपचारिक बातचीत की, जिससे किसी प्रत्यक्ष टकराव की स्थिति तो नहीं बनी, लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस अचानक सुर्खियों में आ गई। विधायक के पहुंचते ही पत्रकारों ने उनसे तीखे सवाल पूछने शुरू कर दिए। मीडिया कर्मियों ने पूछा कि क्या वे अपने ऊपर और अपने पुत्र पर लग रहे आरोपों को देखते हुए ही प्रेस कॉन्फ्रेंस स्थल पर पहुंचे हैं। इस पर अरविंद पांडे ने आरोपों से किसी प्रकार के पूर्व ज्ञान से इनकार करते हुए सफाई दी। उन्होंने कहा कि वे उस मार्ग से गुजर रहे थे और रास्ते में छोटे भाई भुल्लर के नए मकान को देखकर रुक गए। पांडे ने बताया कि यहां भीड़ देख उन्हें यह आभास हुआ कि शायद आज भवन का कोई शुभारंभ कार्यक्रम हो रहा है, इसलिए वे वहां चले आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें यूथ कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस की कोई जानकारी नहीं थी। विधायक ने कहा कि वह भुल्लर को छोटे भाई जैसा मानते हैं। इसी भावना के चलते वे वहां रुक गए। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने किसी राजनीतिक टकराव के इरादे से कार्यक्रम में शिरकत नहीं की, बल्कि केवल पारिवारिक और सामाजिक शिष्टाचार के तहत वहां पहुंचे थे। पांडे के इस बयान के बाद भी राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया। यूथ कांग्रेस की प्रेस वार्ता के बीच भाजपा विधायक की इस अचानक मौजूदगी को राजनीतिक संदेश के तौर पर भी देखा जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि भूमि विवाद को लेकर चल रही बयानबाजी के बीच इस घटनाक्रम से आने वाले दिनों में गदरपुर की राजनीति और अधिक गरमा सकती है।

# विधायक पुत्र पर जनजाति समाज की 3 एकड़ भूमि हथियाने का आरोप

गदरपुर। उत्तराखंड की राजनीति गलियारों में एक बार फिर भूमि घोटाले को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। गदरपुर से भाजपा विधायक के पुत्र पर



बुक्सा जनजाति समाज की भूमि को जालसाजी से हथियाने और बाद में बेचने का आरोप लगाकर यूथ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने प्रेस वार्ता कर कहा कि यह मामला केवल जमीन का नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के अधिकारों को कुचलने का है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2010 में राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद उप जिलाधिकारी कार्यालय बाजपुर में धारा 229-बी के अंतर्गत एक वाद दर्ज कराया गया था। भुल्लर के अनुसार, बुक्सा जनजाति समाज की जिस भूमि पर विवाद था, उसे राजस्व अधिकारियों की रिपोर्ट लगने के बाद मात्र 24 घंटे के भीतर भूमिधरी घोषित कर दिया गया। यह आदेश दिनांक 20 जनवरी 2011 को तत्कालीन सहायक कलेक्टर/उप जिलाधिकारी प्रथम श्रेणी बाजपुर फिंचाराम चौहान द्वारा दिया गया था। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि आखिर इतनी जल्दी किस आधार पर भूमिधरी का आदेश पारित किया गया उन्होंने कहा कि आम आदमी के मामलों में वर्षों तक फाइलें तहसील में धूल फाकती रहती हैं, लेकिन यहां सत्ता से जुड़े व्यक्ति के लिए कानून को रातों-रात बदल दिया गया। भुल्लर ने आरोप लगाया कि भूमिधरी घोषित कराने के बाद वर्ष 2020 में उक्त भूमि को आगे बेच दिया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि शुरुआत से ही मंशा जमीन हड़पने और मुनाफा कमाने की थी। प्रेस वार्ता में दस्तावेज दिखाते हुए भुल्लर ने कहा कि जनजाति समाज की जमीन को बेचकर न केवल कानून का उल्लंघन किया गया, बल्कि संवैधानिक संरक्षण प्राप्त आदिवासी अधिकारों पर भी सीधा हमला किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विधायक के संरक्षण में इस पूरे प्रकरण को अंजाम दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में चुप्पी साधे रखी तो यूथ कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। जनजाति समाज को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी।

## श्रद्धेय राजा जगत देव के नाम पर हो रही जमकर सियासत

गदरपुर। क्षेत्र में बुक्सा समाज को लेकर सियासत अब खुलकर सामने आ गई है। श्रद्धेय राजा जगत देव के नाम पर भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही दल जनजाति समाज को रिझाने की होड़ में जुटे दिखाई दे रहे हैं। पहले भाजपा विधायक और संगठन के प्रदेश मंत्री द्वारा बुक्सा समाज को साध ने के लिए राजा जगदेव की मूर्ति की स्थापना कर राजनीतिक संदेश दिया गया। अब उसी भाजपा पर बुक्सा समाज की जमीन को जालसाजी से हड़पकर बेचने के आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस इस मुद्दे को जनजाति समाज के अधिकारों से जोड़कर भाजपा को घेरने में लगी है, तो भाजपा की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। जानकारों का कहना है कि श्रद्धा और सम्मान के नाम पर शुरू हुई यह कवायद अब सीध ' वोट बैंक की राजनीति में तब्दील हो चुकी है। सवाल यह है कि बुक्सा समाज को सम्मान मिलेगा या फिर वह केवल राजनीतिक मोहरे बनकर रह जाएगा।

## गवाहो के शपथ पत्रों पर हस्ताक्षर ही नहीं: भुल्लर

गदरपुर। यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर भुल्लर ने कहा कि भूमि हथियाने के लिए जिन गवाहो के शपथ पत्रों के आधार पर जनजाति समाज की भूमि को भूमिधरी किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि उस पर किसी भी व्यक्ति के हस्ताक्षर मौजूद नहीं थे। शपथ पत्र में ग्राम प्रधान सेमलपुरी सहित नारायण सिंह, प्रीतम सिंह, कन्हाई सिंह और तुला सिंह के नाम गवाह के रूप में अंकित किये गए है लेकिन दस्तावेज पूरी तरह बिना हस्ताक्षर के पाए गए। जोकि पूरे प्रकरण को और संदेहास्पद बनाता है और राजस्व अधिकारियों की कार्य प्रणाली को उजागर करता है।